पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 18.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर तत्काल जाकर शिकायतों की निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 18.05.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को चौपाल/पुलिस की पाठशाला लगाकर जागरूक किया जा रहा है।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा के थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो/शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 18.05.2024 को शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा

इस दौरान महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) अभियान के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और विभिन्न परिस्थियों पर उनके सहायतार्थ जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी



प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 18.05.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत वर्चुअल गोष्ठी कर जनपद में होने वाले चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था सम्बन्धी तैयारियों की समीक्षा की गई, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक 18.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपद महोबा में लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवे चरण के लिये आगामी दिनांक 20 मई 2024 को होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, वाचक पुलिस अधीक्षक एवं चुनाव सेल प्रभारी के साथ गूगलमीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी कर चुनाव सम्बन्धी तैयारियों एवं कानून/शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में बिन्दुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

- वर्चुअल गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा 2024 के पांचवे चरण के लिये जनपद महोबा में दिनांक 20 मई 2024 को होने वाली मतदान की तैयारियों के दृष्टिगत सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के सख्त निर्देश दिये गये हैं। साथ ही सभी को मा0 निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई चुनाव के अंतिम 72/48/24 घण्टों के सन्दर्भ में मा0 निर्वाचन आयोग द्वारा जारी SOP में अंकित बिन्दुओं का कठाई के साथ अक्षरशः शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया/कराया जाये।
- अवैध शराब के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाये।
- निर्देशित किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहें व जनपद के प्रत्येक इन्ट्री प्वाइंट(12), अन्तर्राज्यीय बार्डर बैरियर (21) पर अधिक सक्रियता बढा दी जाये, बैरियर ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को निरतंर ब्रीफ किया जाये। जनपद में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति/वाहन की सघन चेकिंग की जाये।
- डायल-112 के माध्यम से प्राप्त हुए चुनाव से सम्बन्धित प्रत्येक इवेन्ट पर तत्काल रिस्पास करते हुए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रो में सूचना तंत्र को विकसित करते हुए क्षेत्र की प्रत्येक छोटी-बड़ी विभिन्न सूचनाओं को संकलित किये जाने के निर्देश देते हुए चुनाव को प्रभावित करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।
- इसी क्रम में जनपद महोबा में निर्वाचन प्रकिया हेतु बाह्य जनपदों से आये हुए पुलिस बल के लिये उच्च गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 18.05.2024

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में प्रभारी यातायात द्वारा चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान, वाहन चालकों को पढाया यातायात नियमों का पाठ...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक 17.05.2024 को प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बिना हेलमेट/शीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया व दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट/शीटबेल्ट के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया गया।

इसी क्रम में शहर के मुख्य स्थानों पर काली फिल्म, हूटर, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग की गई एवं चालान किए गए । यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस/वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की जा रही है, जिससे जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके।

थाना खरेला की पुलिस टीम ने हत्या की घटना का किया सफल अनावरण,

हत्या की घटना कारित करने वाला हत्यारोपी पुत्र मय आलाकत्ल सहित गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 18.05.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम् व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकांत गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक खरेला श्री गोपालचन्द्र कनौजिया द्वारा गठित टीम के व0उ0नि0 अरविन्द कुमार उपाध्याय द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 56/24 धारा 304 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अखिलेश पुत्र इन्द्रपाल उर्फ मुखिया साह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पाठा थाना खरेला जनपद महोबा को मय आला कत्ल एक अदद डण्डा के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

अखिलेश पुत्र इन्द्रपाल उर्फ मुखिया साह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पाठा थाना खरेला जनपद महोबा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.व0उ0नि0 अरविन्द कुमार उपाध्याय

2.उ0नि0 अजीतनारायण त्रिपाठी

3.कां0 महेश प्रसाद

बरामदगी-

1.आला कत्ल एक अदद लकडी का डण्डा